आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियाँ चलाएंगी औद्योगिक क्षेत्रों में कैंटीन

चर्चा में क्यों?

- 20 सितंबर, 2023 को कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियाँ औद्योगिक क्षेत्रों में कैंटीन चलाएंगी।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीज़ों तीमारदारों व अन्य के लिये कैंटीन चलाने की ज़िम्मेदारी संभालने के बाद आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियाँ अब औद्योगिक संस्थानों में भी कैंटीन चलाएंगी।
- इसके लिये उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच करार होगा। इस योजना के तहत यूपीसीडा स्वयं सहायता समूह की दीदियों को कैंटीन के लिये उचित स्थान उपलब्ध कराएगी।
- यूपीसीडा और आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश के 25 ज़िलों में 150 क्लस्टर कैंटीन खोली जाएंगी। ये कलस्टर कैंटीन ब्रांडेड फूडचेन की तर्ज़ पर होंगे, जहाँ पर दीदियों के हाथ से बने स्पेशल खाद्य पदार्थों की बिक्री होगी।
- एक क्लस्टर कैंटीन में 8 से 10 दीदियों को रोज़गार मिलेगा। ये कैंटीन शहरों में खुलेंगी, जहाँ पर लोगों का अधिक आना-जाना रहता है।
- संचालन की पूरी ज़िम्मेदारी दीदियाँ संभालेंगी। इन कैंटीन में उद्योगों में कार्यरत् कार्मिकों व श्रमिकों को उचित मूल्य पर घर जैसे स्वाद में खाने-पीने की वस्तुएं मिलेंगी।
- आजीविका मिशन की निदेशक सी. इंदुमति के मुताबिक कानपुर इंडस्ट्रियल एस्टेट में कैंटीन जल्द खुल जाएगी। इसके अलावा अलीगढ़, वाराणसी, मथुरा आदि शहरों के इंडस्ट्रियल एस्टेट में कैंटीन खोले जाने के लिये अध्ययन किया जा रहा है।

//

The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/didis-associated-with-self-help-groups-of-livelihood-mission-will-run-canteens-in-industrial-areas